हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 2 मार्च 2026

04 पुष्य नक्षत्र पर 707 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का...



07 राज्य पात्रता परीक्षा 2025 के दौरान कमिश्नर...





# 3 घटनाएं: शराब तस्कर गिरफ्तार, ब्लेड से हमला, करंट से कर्मी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

होली पर्व से पहले जहां पुलिस अवैध गतिविधियों पर सख्ती का दावा कर रही है, वहीं क्षेत्र में तीन अलग-अलग घटनाओं ने कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पिपरिया में 63 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार किया गया, इटारसी में दिनदहाड़े सफाईकर्मी पर ब्लेड से जानलेवा हमला हुआ, जबकि आदमगढ़ क्षेत्र में बिजली कार्य के दौरान करंट लगने से एक आउटसोर्स कर्मचारी की मौत हो गई। लगातार सामने आ रहीं इन घटनाओं से त्योहार से पहले प्रशासन की तैयारियों पर भी सवाल उठने लगे हैं।

## होली पर खपाने ले जा रहे 63 लीटर अवैध शराब जब्त, रायसेन का तस्कर गिरफ्तार

पिपरिया। होली के त्योहार को देखते हुए अवैध मादक पदार्थों और शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्ण एस थोटा के मार्गदर्शन में पिपरिया पुलिस ने रविवार तड़के एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर एक अल्टो कार से भारी मात्रा में अंग्रेजी और देशी शराब जब्त की है।

### मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी




जानकारी के अनुसार, रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान पिपरिया पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सांडिया की ओर से एक डार्क स्लेटी रंग की अल्टो कार एमपी 04 सीक्यू 4964 अवैध शराब लेकर पिपरिया की ओर आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने सांडिया रोड स्थित चौधरी वेयर हाउस के पास मोर्चा संभाला। जैसे ही संदिग्ध कार आती दिखी, पुलिस ने घेराबंदी कर उसे रोक लिया।

### कार की डिग्गी में मिला जखीरा

कार चालक ने अपना नाम रोहित राय 32 वर्ष, निवासी होली चौक, बरेली, जिला रायसेन बताया। कार की तलाशी लेने पर डिग्गी के अंदर से अंग्रेजी शराब बैकपाइपर (375 मिली) के 48 नग, 02 पेटी, देशी शराब लाल मसाला के 250 क्वार्टर, 05 पेटी, कुल मात्रा 63 लीटर अवैध शराब, कीमत लगभग 50,000 रुपये मिले। तस्करी में प्रयुक्त अल्टो कार कीमत लगभग 02 लाख रुपये जब्त की गई।

### होली पर बेचने की तैयारीथी

पकड़े गए आरोपी रोहित राय ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वह होली के त्योहार के दौरान ऊंचे दामों पर शराब बेचने के लिए तस्करी कर रहा था। पुलिस ने कुल 2.50 लाख रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस सफलता में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मानिक सिंह बट्टी, प्रधान आरक्षक पूनमचंद चौधरी, आरक्षक स्नेह साहू, ललित हरणे और प्रदीप सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

## ओवरब्रिज के नीचे सफाईकर्मी पर ब्लेड से जानलेवा हमला, गर्दन पर आए 10 टांके



इटारसी। शहर में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। पुलिस की सख्ती और होली को लेकर किए जा रहे फ्लैग मार्च के दावों के बीच अपराधी खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला रविवार सुबह 10 बजे का है, जहां पुरानी इटारसी के वार्ड नंबर 6 निवासी एक नगर पालिका सफाईकर्मी पर जानलेवा हमला किया गया।

### नाश्ता करते समय हुआ हमला

जानकारी के अनुसार, अंकित टॉक 34 वर्ष, पिता चंद्र प्रकाश टॉक, रविवार सुबह ओवरब्रिज के नीचे नाश्ता कर रहे थे। इसी दौरान पुरानी इटारसी निवासी अजय अहिरवार उर्फ गुड्डू वहां पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी गुड्डू ने अचानक लोहे की पट्टी वाली पैनी ब्लेड निकाली और अंकित की गर्दन पर वार कर दिया।

### अस्पताल में भर्ती, 10 टांके आए

हमले के बाद अंकित लहूलुहान होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया। घाव गहरा होने के कारण अंकित की गर्दन पर 10 टांके आए हैं। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

### 8 दिन में दूसरी घटना, पुलिस को खुली चुनौती

शहर में ब्लेडबाजी की यह आठ दिन के भीतर दूसरी बड़ी वारदात है। इससे पहले सूरजगंज चौराहे पर भी एक नशेड़ियों ने दो भाइयों पर ब्लेड से हमला किया था। छोटे-मोटे विवाद अब सीधे जानलेवा हिंसा में बदल रहे हैं, होली पर्व को लेकर पुलिस की सख्ती का बदमाशों पर कोई असर नहीं दिख रहा है। नशेड़ियों और अपराधियों के मन से पुलिस का खौफ खत्म होता नजर आ रहा है। मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी अजय अहिरवार उर्फ गुड्डू की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ऑउटसोर्स कर्मी की करंट से मौत

नर्मदापुरम। आदमगढ़ की बड़ी पहाड़िया पर बिजली का काम करते वक्त एक ऑटस सोर्स कर्मी को करंट लग गया। जिसकी अस्पताल ले जाते वक्त मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिगरिया निवासी राहुल गौर बड़ी पहाड़िया की बाउंड्री में लगी डीपी पर बिजली का कार्य कर रहा था। कार्य के दौरान तेज करंट लगा और वह अचेत हो गया। उसके हाथ-पैर व बदन में करंट के बाद झटके आने लगे थे। जिसे राहगीर अपने वाहन से नर्मदा अपना अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना लगते ही बिजली विभाग में हडकंप मच गया। समय रहते अगर बिजली कर्मी को मदद मिलती तो संभवतः उसे बचाया जा सकता था।

### पचमढ़ी घूमने आए थे, लौटते वक्त मटकुली के पास हादसे का शिकार हुए

# आईआईटी नागपुर छात्र की कार हादसे में मौत, चार लोग गंभीर रूप से घायल

पिपरिया-छिंदवाड़ा स्टेट हाईवे पर मटकुली के पास रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में आईआईटी नागपुर के एक होनहार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी घायल हो गए। वहीं नर्मदापुरम जिला मुख्याल पर निजी कंपनी का कंटेनर भोपाल तिराहे पर टॉयर फटने से बीच सड़क पलट गया। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया-छिंदवाड़ा स्टेट हाईवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक होनहार छात्र की मौत हो गई, जबकि उसके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मटकुली के पास हुआ। जानकारी के अनुसार सभी युवक आईआईटी नागपुर के छात्र थे। वे छुट्टी के दिन सतपुड़ा की वादियों का आनंद लेने पचमढ़ी घूमने आए थे। रविवार सुबह नागपुर लौटते समय मटकुली से करीब एक किलोमीटर आगे छिंदवाड़ा रोड पर उनकी कार का अचानक टायर फट गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई और पलट गई।

### टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार

टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई और पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि एक होनहार छात्र ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि कार में सवार अन्य चार छात्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए पिपरिया अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस हादसे ने क्षेत्र में शोक की लहर फैला दी है। एक प्रतिभाशाली छात्र की असमय मौत से परिजनों और साथियों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। हादसें में घायल चार युवाओं में से तीन को नर्मदापुरम रैफर कर दिया गया है जबकि एक युवा का इलाज पिपरिया में ही जारी है।

### चिकित्सक बोले एक की मौत हुई

पिपरिया अस्पताल से डॉ. देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि एक्सीडेंट केस आया था, जिसमें एक छात्र की मौत हो गई, जबकि अन्य चार छात्र घायल हैं। इनमें से एक की हालत गंभीर होने पर उसे नर्मदापुरम रेफर किया गया है। हादसे के दौरान 22 वर्षीय नयन मंडल की मौत हो गई थी। जबकि सुमेद पिता जीवन लाल शबाने, उम्र 23 वर्ष, निवासी नांदेड़ (महाराष्ट्र) घायल,अनुज पिता संजय सिंह, उम्र 22 वर्ष, निवासी मुंबई घायल,सुमेद भामरे पिता संदीप भामरे, उम्र 21 वर्ष, निवासी नासिक (महाराष्ट्र) घायल,अनय पिता मुकेश कुमार गौर, उम्र 22 वर्ष, निवासी इंदौर घायल सभी छात्र आईआईटी हॉस्टल नागपुर, महाराष्ट्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही। स्टेशन रोड़ पिपरिया थाने से आरक्षक प्रभाकर चौधरी ने बताया कि हादसा मटकुली के पास हुआ। सभी घायलों को 112 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया।

### भोपाल तिराहे पर कंटेनर से लदा 14 चका ट्रक पलटा



भोपाल तिराहे पर ट्राईडेंट कंपनी से टॉवेल लेकर पवारखेड़ा जा रहा कंटेनर से लदा ट्रक क्रमांक एचआर 38 डब्लू 3853 टॉयर फटने के कारण मां नर्मदा प्रतिमा के सामने पलट गया। गनीमत रही तिराहे पर पलटे कंटेनर के नीचे अन्य वाहन चालक नहीं आया। वरना हादसा गंभीर हो जाता। इस घटना में ड्रायवर को मामूली चोट आई है। बताया जा रहा है कि 14 चका ट्रक हैवी कंटेनर सामान से लोड़ था। भोपाल तिराहे पर इटारसी रोड़ पर मुड़ने से पहले कंटेनर का टॉयर फट गया। जिसके कारण अनियंत्रित होकर वह पलट गया। कंटेनर पलटने के बाद जाम की स्थिति निर्मित हो गई जिसे डॉलय 112 के जवानों व यातायात पुलिस ने खुलवाया और ट्रैफिक सुचारू करवाया।

### उधार दिए रुपयों के ब्याज के लिये प्रताड़ित करते थे आरोपी, दबाव में उठाया कदम

# माखननगर की लाज में सोहागपुर के व्यापारी ने की थी आत्महत्या

### पुलिस ने तीन व्यापारियों के खिलाफ किया प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर निवासी 53 वर्षीय व्यापारी कैलाश आसवानी पिता मेघराज आसवानी 28 जनवरी 2026 को लापता हो गया था। जिसकी गुमशुदगी रिपोर्ट सोहागपुर थाने में दर्ज की गई थी। 29 जनवरी 2026 को कैलाश आसवानी का शव माखन नगर की एक लॉज में मिला था। मामले में सोहागपुर पुलिस ने तीन व्यापारियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है।

सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार 28 जनवरी 2026 को पुलिस ने कैलाश आसवानी की गुमशुदगी दर्ज की थी। वहीं 29 जनवरी को कैलाश आसवानी द्वारा आत्महत्या करने के बाद मामले में मर्ग कायमी की गई थी। बताया जाता है कि कैलाश आसवानी ने सुसाइड नोट भी छोड़ा था। जिसके आधार पर सोहागपुर पुलिस ने तीन व्यापारियों के विरुद्ध शनिवार रात प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की डेली सर्च रिपोर्ट से



रविवार सुबह 10 बजे प्राप्त जानकारी अनुसार सोहागपुर नगर निवासी छबलदास तोलानी, हितेश तोलानी और इटारसी निवासी वीरेंद्र जैन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस में दर्ज प्राथमिकी अनुसार कैलाश आसवानी ने आरोपियों से रुपये उधार लिये थे। आरोपीगण वसूली के लिये कैलाश पर दबाव बनाकर प्रताड़ित करते थे। ब्याज के पैसे नहीं दे पाने पर कैलाश को आरोपी जानबूझकर सभी के सामने बार-बार बेइज्जत करते थे। इस बात से प्रताड़ित कैलाश आसवानी ने माखन नगर की राधे लॉज में जहर खाकर आत्महत्या की थी।

### दुकान की चाबी लेकर निकले थे

28 जनवरी 2026 को मयंक पिता कैलाश आसवानी निवासी शास्त्री वार्ड सोहागपुर ने इस आशय की सूचना पुलिस को दी थी कि उसके पिता की गांधी चौक सोहागपुर में रेडीमेड कपड़े की दुकान है। कैलाश 28 जनवरी की सुबह करीब नौ बजे घर से चाबी लेकर दुकान खोलने गए थे। सुबह करीब 10:30 बजे फोन लगाने पर कैलाश आसवानी का फोन घर पर ही मिला। दुकान के कर्मचारियों ने फोन लगाने पर बताया कि दुकान खोलने के लिए चाबी देकर कैलाश आसवानी बिना बताए कहीं चले गए। कैलाश के पुत्र द्वारा दी गई सूचना पर पुलिस ने कैलाश की गुमशुदगी बावत रिपोर्ट दर्ज की थी। जिसके बाद दूसरे दिन कैलाश का शव माखन नगर की लॉज में मिला था।

## माखन नगर में आठवीं का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले वायरल, जांच के आदेश

**माखननगर।** कक्षा आठवीं के सामाजिक विज्ञान का प्रश्नपत्र परीक्षा से पहले ही सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि 28 फरवरी को सुबह लगभग 11 बजे प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। मामला सामने आने के बाद इसकी सूचना जिला स्तर के अधिकारियों तक पहुंच गई। सूत्रों के अनुसार जिला परियोजना समन्वयक (डीपीसी) को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को बीआरसी अन्य अधिकारियों के साथ माखन नगर थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराने का प्रयास किया। हालांकि, थाना प्रभारी ने अधूरे साक्ष्यों के साथ पहुंचने पर पूर्ण साक्ष्य एवं विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए कहा। बीआरसी श्याम पटेल ने बताया कि जिले के विभागीय अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे। जांच के आधार पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। प्रारंभिक आशंका है कि प्रश्नपत्र वायरल होने के मामले में स्थानीय शिक्षा विभाग के कुछ कर्मचारियों की संलिप्तता हो सकती है। फिलहाल जांच जारी है। अब देखना होगा कि विभागीय जांच कब तक पूरी होती है और दोषियों के खिलाफ कब तक एफआईआर दर्ज की जाती है।

## सोने के जेवर दिलाने के नाम पर 1.29 लाख की ठगी

**माखननगर।** गूजरवाड़ा में एक महिला के साथ साइबर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने महिला को सोने के जेवरों की फोटो और वीडियो भेजकर भरोसे में लिया और कहा कि उसके जेवर एयरपोर्ट पर पहुंचे हैं, जिनका टैक्स भरना है। आरोपी ने टैक्स के नाम पर अपने खाते में राशि ट्रांसफर करने को कहा। महिला ने 21 फरवरी से 23 फरवरी के बीच चार-पांच किश्तों में कुल 1 लाख 29 हजार रुपये आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद आरोपी ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। पीड़िता ने बताया कि उसने अपनी जमा पूंजी बेचकर और कर्ज लेकर यह रकम भेजी थी। थाना प्रभारी अनूप उइके ने बताया कि महिला की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की जा रही है। पुलिस के अनुसार यह घटना लालच और साइबर ठगी के जाल में फंसने के कारण हुई है।

# भद्रा और चंद्रगहण के साए में मनेगा होली का पर्व, गोकाष्ठ होलिका दहन को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रंगों का महापर्व होली इस बार खगोलीय और ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस बार होली पर भद्रा और चंद्रग्रहण का अनूठा संयोग बन रहा हैं, जिससे जनमानस में भी असमंजस की स्थिति है। मठ मंदिर समिति ने निर्णय लिया था कि इस बार होली पर चंद्रग्रहण का असर रहेगा जिसके कारण होलिका दहन 2 मार्च की रात्रि 3 बजे होगा। 3 मार्च को चंद्र ग्रहण होने के कारण 4 मार्च को धुरेंड़ी का पर्व मनेगा। हालांकि महाआरती समिति से प्रशांत दुबे ने बताया कि सेठानी घाट पर होलिका दहन चंद्रग्रहण के मोक्ष के उपरांत होगा। मोक्ष के बाद पहले महाआरती और बाद में होलिका दहन और फूलों की होली का आयोजन होगा।

### होली के रंग आजीविका के संग

ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत होली के रंग आजीविका के संग की थीम पर आजीविका उत्पाद मेले का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में जिला पंचायत नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'संभाग स्तरीय आजीविका होली मेला' का शुभारंभ कोठी बाजार स्थित हैप्पी मैरिज गार्डन में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ नर्मदापुरम विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण महिला उद्यमियों एवं स्व-सहायता समूहों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचकर स्थानीय स्तर पर निर्मित शुद्ध एवं हर्बल उत्पादों की खरीदारी करें और ग्रामीण प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करें।



रंग बिरंगें रंग और गुलाल के संग बाजार में ढेरो पिचकारियों की बहार इन दिनों आई हुई है। टैंक गन, कॉर्टून थीम पर पिचकारियों की खरीदारी ज्यादा हो रही है।

### गोकाष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा देने हेतु दिशा निर्देश

मध्य प्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के क्रम में कलेक्टर सोनिया मीना ने जिले के समस्त एसडीएम को निर्देशित किया है कि जनसहयोग एवं सामाजिक सहभागिता के माध्यम से होलिका दहन में लकड़ी के स्थान पर उपलों एवं गोकाष्ठ के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही प्राकृतिक एवं हर्बल रंगों से होली खेलने, पानी की बचत करने, पशु-पक्षियों पर रंग न डालने तथा हुड़दंग से दूर रहकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने के लिए आमजन को प्रेरित किया जाए। निर्देशानुसार जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रमों का निशुल्क पंजीयन कराया जाएगा। यह पंजीयन जनपद पंचायतों, तहसीलों एवं नगरीय निकायों के माध्यम से किया जाएगा। पंजीयन के दौरान आयोजक संस्था की संक्षिप्त जानकारी एवं संपर्क विवरण प्राप्त किए जाएंगे। होलिका दहन के दिन मैदानी अमले द्वारा आयोजनों का भ्रमण कर गौकाष्ठ आधारित होलिका दहन को बढ़ावा दिया जाएगा। संबंधित मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आयोजन के प्रमाणीकरण सहित प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे। गोकाष्ठ आधारित होलिका दहन करने वाली संस्थाओं का सूचीकरण किया जाएगा तथा जिला स्तर पर सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण संबंधी प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ सुरक्षित एवं सद्भावपूर्ण होली मनाने की अपील की है।

### गर्मी का मार्च, 2022 में पढ़ी थी रिकॉर्ड तोड़ गर्मी, पारा पहुंचा था 42 पार...

# मौसम: शीत से ग्रीष्म की ओर परिवर्तन का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मार्च माह शीत ऋतु से ग्रीष्म ऋतु के बीच का समय होता है। इस दौरान मौसम में प्रतिदिन परिवर्तन देखा जाता है और तापमान धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। सुबह और रात अपेक्षाकृत सुहावनी रहती हैं, जबकि दोपहर में गर्मी का प्रभाव स्पष्ट महसूस होने लगता है। महीने के अंत तक अधिकतम तापमान लगभग 34.8 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तक पहुँच जाता है, जबकि औसत न्यूनतम तापमान लगभग 18 डिग्री सेल्सियस रहता है। दिन और रात के तापमान में काफी अंतर होने के कारण सुबह-शाम हल्की ठंडक और दोपहर में गर्मी का मिश्रित अनुभव होता है।



### हवा का बदलता स्वरूप

मार्च में सतही हवा सामान्यतः हल्की एवं परिवर्तनशील दिशा की होती हैं। कभी-कभी हवा शांत प्रतीत होती हैं, तो दोपहर बाद इनके तेज और झोंकेदार होने की संभावना रहती है। कुछ अवसरों पर वातावरण हल्का धूमिल भी दिखाई देता है। उत्तर भारत से गुजरने वाले पश्चिमी विक्षोभों के प्रभाव से कभी-कभी आकाश बादलों से आच्छादित हो जाता है। इस दौरान मेघगर्जन, हल्की वर्षा, झंझावात तथा ओलावृष्टि की घटनाएं भी दर्ज की जा सकती हैं। यद्यपि गर्जन और वर्षा के दिन कम होते हैं, फिर भी अचानक मौसम परिवर्तन की संभावना बनी रहती है।

### अभिलेखों के अनुसार

सर्वाधिक अधिकतम तापमानः 44.0 डिसे (27 मार्च 1971)

न्यूनतम तापमानः 8.2 डिसे (01 मार्च 1988)

सर्वाधिक मासिक वर्षाः 253.2 मिमी(वर्ष 1998)

24 घंटे में सर्वाधिक वर्षाः 41.9 मिमी (03 मार्च 1957)

### वर्षा और आर्द्रता की स्थिति

मार्च माह में औसत वर्षा लगभग 7.3 मिमी दर्ज की जाती है तथा वर्षा के दिनों की औसत संख्या 0.8 दिन रहती है। औसत आर्द्रता 27 से 50 प्रतिशत के बीच बनी रहती है, जिससे वातावरण सामान्यतः शुष्क रहता है।

### अधिकतम और न्यूनतम तापमान

- 18 मार्च 2022 को अधिकतम 42.7 और 6 मार्च न्यूनतम 14.8 डिसे दर्ज हुआ था।
- 2 मार्च 2023 को अधिकतम 38.2 और 7 मार्च न्यूनतम 16.4 डिसे दर्ज हुआ था।
- 28 मार्च 2024 को अधिकतम 41.3 और 4 मार्च न्यूनतम 14 डिसे दर्ज हुआ था।
- 26 मार्च 2026 को अधिकतम 40.9 और 6 मार्च न्यूनतम 12.7 डिसे दर्ज हुआ था।

## खबर संक्षेप

### आज कंडों से होगा होलिका दहन

**बैतूल।** वर्तमान में प्रकृति का अंधाधुंध दोहन हो रहा है जिससे पर्यावरण प्रभावित हो रहा है और मौसम में बड़े बदलाव एवं बीमारियां देखने में आ रही हैं। वनों और पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतिवर्षानुसार आज सोमवार शिव मंदिर के पास विनोबा वार्ड में होलिका दहन कंडो से किया जाएगा। आयोजक व वरिष्ठ समाजसेवी बीआर खंडागरे ने बताया कि इस वार्ड में यह परंपरा विगत 9 वर्षो से चली आ रही है साथ ही वार्डवासियों द्वारा होली रसायन मुक्त अबीर गुलाल से खेली जाती है। वार्डवासियों की इस अभिनव पहल की सभी ने प्रशंसा की है।

### गांजा तस्करी का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** जीआरपी ने गांजा तस्करी के मामले में मुख्य आरोपी को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी नौसाद अली उर्फ मामा (33) को गिरफ्तारी के बाद बैतूल लाकर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। जीआरपी प्रभारी रविश कुमार ने बताया कि आरोपी मूल रूप से हावड़ा (पश्चिम बंगाल) का रहने वाला है और फिलहाल ओडिशा के गजपति जिले की फॉरेस्ट गेट कॉलोनी में रह रहा था। उसके खिलाफ धारा 8/20 और 29 एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया कि नौसाद अली उर्फ मामा गांजा सप्लाई करने का मुख्य काम करता था। शाहिद नाम का व्यक्ति उससे माल मंगवाता था और आगे सप्लाई करता था। पुलिस के अनुसार, पिछले महीने इसी नेटवर्क से जुड़े तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें पश्चिम बंगाल का ताजिम अनवर और आगर मालवा के शाहिद खान व सुनील नायक शामिल हैं। इन सभी के पास से करीब चार-चार किलो गांजा बरामद किया गया था। इन आरोपियों से पूछताछ और मिली जानकारी के आधार पर पुलिस नौसाद अली तक पहुंची। इस कार्रवाई से पूरे गिरोह का खुलासा हो गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की जांच जारी है।

### जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा

# बैतूल जिले में बनेगा आधुनिक गुड़ क्लस्टर, 30 से 32 करोड़ होंगे खर्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में गुड़ क्लस्टर बनाने के लिए विभाग ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। उड़दन में गुड क्लस्टर बनाने का प्रस्ताव भी शासन को भेजा है, हालांकि हेड ऑफिस में सीएफसी की स्थापना हो रही है, तो गुड क्लस्टर कोसमी औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जा सकता है। बताया जा रहा है कि गुड़ क्लस्टर के लिए कॉमन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना की जाएगी। यहां किसान गन्ना लाकर आधुनिक मशीनों से गुड़ बनवा सकेंगे। विगत दिनों एमएसई, सीडीपी के अधिकारियों ने भूमि का निरीक्षण किया है। इस सेंटर के स्थापित होने से छोटे किसानों को कम लागत पर गुड़ बनाने की सुविधा प्राप्त होगी। बता दे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मेडिकल कॉलेज के भूमिपूजन के दौरान वुडन और गुड़ क्लस्टर की सौगात दी थी। इस योजना से जहां किसान लाभान्वित होगा, वहीं दूसरी ओर गुड़ का उपयोग करने वाले को उचित मापदंड पर बना गुड़ प्राप्त होगा। बताया जा रहा है कि यहां कोल्ड स्टोरेज की सुविधा भी रहेगी। जिससे किसान ऑफ-सीजन में भी गुड़ बेच सकेंगे और उन्हें बेहतर कीमत मिलेगी। भविष्य में गुड़ का विदेश व्यापार भी संभव हो सकता है। यह पूरी परियोजना बनने के बाद करीब 5 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकता है। गुड़ क्लस्टर की सभी प्रक्रियाएं करीब 6 माह में पूरी होने की संभावना जताई जा रही है।

#### 30 से 32 करोड़ रुपए की होगी परियोजना

उद्योग विभाग के अनुसार कामन सर्विस सेंटर की स्थापना और मशीनों सहित पूरी परियोजना की लागत 32 करोड़ 57 लाख 27 हजार होगी। इसमें केंद्र सरकार 21 करोड़, राज्य सरकार 4 करोड़ 50 लाख तथा एसपीवी सदस्यों द्वारा 7 करोड़ का निवेश किया जा सकता है। उड़दन में इसके लिए पांच हेक्टेयर जमीन चिन्हित की है। हालांकि गुड़ क्लस्टर गठन में समय लगेगा, लेकिन क्लस्टर की स्थापना के बाद किसानों को बेहतर सुविधा मिलेंगी। गुड़ क्लस्टर के जरिए पारंपरिक गुड़ उत्पादन को एक आधुनिक औद्योगिक क्लस्टर में बदला जाएगा। यहां धर्मिक फ्लूइड हीटिंग सिस्टम होगा, जिससे गुड़ पकाने में एक समान आंच मिलती है। जिससे गुणवत्ता बेहतर होती है और ईंधन की बचत होती है। इस क्लस्टर से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलने के दावे किए जा रहे हैं।

#### 24 हजार हेक्टेयर में होता है गन्ना उत्पादन

जिले भर में गन्ना की फसल लगातार बढ़ रही है। वर्तमान में 24 हजार हेक्टेयर में किसान गन्ने की फसल लगाते हैं। इसमें अधिकांश किसान जिले की शुगर मिल में अपना गन्ना देते हैं, जबकि अन्य किसान खेतों में घाना लगाकर गुड़ बनाते हैं। यूपी और अन्य जगहों से भी लोग आकर किसानों का घाना किराए पर लेते है और गुड़ बनाकर बाहर बेचते हैं। जिससे गन्ना उत्पादक किसानों को फसल के उचित दाम नहीं मिल पाते हैं। लेकिन गुड क्लस्टर बनने से छोटे और मध्यम किसानों को कम लागत पर गुड़ बनाने की सुविधा मिलेगी। गुड़ घाना स्थापित करने के लिए लगने वाली भूमि पर किसान खेती कर सकता है। गुड़ क्लस्टर बनने पर किसानों को घाना के लिए अलग से बिजली कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा। गन्ना कटाई के बाद छह या सात दिन में किसानों का खेत खाली हो जाएगा, इससे समय बचेगा। खेत खाली होने पर किसान उसकी सफाई करा सकेगा। इसके बाद दूसरी फसल लगा सकेगे।

#### थर्मिक फ्लूइड हीटिंग सिस्टम लगेगा कोल्ड स्टोरेज की रहेगी सुविधा

गुड क्लस्टर बनने के बाद यहां पर गुड़ पकाने के लिए थर्मिक फ्लूइड हीटिंग सिस्टम लगाया जाएगा। इससे गुड़ पकाने में एक समान आंच मिलेगी। इससे गुणवत्ता बेहतर होगी और ईंधन की भी बचत होगी। वहीं पर्यावरण में प्रदूषण भी नहीं होगा। गुड़ क्लस्टर बनने पर उसमें साल भर गुड़ रखने के लिए कोल्ड स्टोरेज भी बनाया जाएगा। कोल्ड स्टोरेज में किसान भी गुड़ रखकर ऑफ सीजन में भी बेच सकेंगे। जिससे उन्हें बेहतर कीमतें मिलेंगी, लाभ होगा। यहां पर गन्ना रस निकालने के लिए आधुनिक क्रशिंग प्लांट भी लगाया जाएगा। जिससे गन्ने से रस निकालने की क्षमता और उत्पादकता में वृद्धि होगी। गन्ने से निकलने वाला वेस्ट भी कम निकलेगा। साथ ही किसानों को समय की भी बचत होगी।

#### वुडन क्लस्टर के लिए 65 प्लॉट बुक

कढ़ाई में शुरू होने वाले वुडन क्लस्टर के लिए तेजी से काम चल रहा है। यहां सीमांकन के अलावा से आउट देने का काम भी हो चुका है। टंकी का काम भी पूरा होने को है। बिजली के पोल खड़े हो चुके हैं, जिन पर तार खींचना है। कच्ची एप्रोच मिल चुकी है, जिसका डामरीकरण जल्द किया जाएगा। पुलियाएं भी बनाई जा चुकी हैं। यहां 101 प्लॉट हैं जिनमें से 65 बुक हो चुके हैं। संभावना जताई जा रही है कि इसे मई माह तक शुरू कर दिया जाएगा। यहां भी हजारों लोगों को रोजगार मिल सकेगा। वहीं कोसमी में स्थित औद्योगिक क्षेत्र का दूसरा चरण भी जल्द शुरू किया जा रहा है। औद्योगिक क्षेत्र का दूसरा चरण 8 एकड़ में है। जिसमें 36 से 40 प्लॉट है। इसके विकास के लिए यहां पर सीमांकन और ले आउट हो चुका है। यहां केवल रोड का निर्माण बाकी है। यहां बिजली भी पहुंचाई जा चुकी है। लघु उद्योग निगम द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इस औद्योगिक क्षेत्र में 36 से 40 उद्योग शुरू हो सकेंगे, जिनसे युवाओं को रोजगार प्राप्त हो सकेगा। गौरतलब है कि पहले चरण का औद्योगिक क्षेत्र 81 हेक्टेयर में है, जिसमें 137 यूनिट संचालित हैं।

#### स्थापित किया जाएगा

उड़दन में जमीन चिन्हित की थी। जहां गुड क्लस्टर बनाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। हेड ऑफिस में सीएफसी की स्थापना हो रही है, तो हो सकता है कि कोसमी औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित किया जाये, क्योंकि विकसित क्षेत्र में होना चाहिए।

**- धीरज मंडलेकर,**
जिला उद्योग एवं व्यापार विभाग, बैतूल

### हजारों लीटर पानी बहा, सप्लाई बाधित

## जलापूर्ति लाइन फटी, आग से दस फीट पाइप जली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




रविवार को चक्कर रोड इलाके में अलंकार मैरिज लॉन के पास नगरपालिका की जलापूर्ति लाइन फट गई। बताया जा रहा है कि किसी ने मौके पर कचरा जलाया था, जिससे पास में बिछी छह इंच की प्लास्टिक पाइपलाइन जल गई। इस घटना में करीब 10 फीट तक पाइप क्षतिग्रस्त हो गया। जिस समय पाइपलाइन जली, उस वक्त पानी की आपूर्ति बंद थी। हालांकि, जैसे ही सप्लाई शुरू की गई, पाइप से तेज धार में हजारों लीटर पानी बहने लगा, जिससे भारी मात्रा में पानी व्यर्थ हो गया। यह लाइन चक्कर रोड की ओर जाती है।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पालिका प्रशासन ने तत्काल पानी की सप्लाई रोक दी। इसके कारण अलंकार मैरिज लॉन और आसपास के इलाकों में पानी की आपूर्ति बाधित हुई। स्थानीय लोगों ने इस बात पर सवाल उठाया है कि यह पाइपलाइन जमीन में दबाने के बजाय ऊपर खुली क्यों छोड़ी गई थी। उनका कहना है कि खुले में होने के कारण ही आग से पाइपलाइन जल गई और हजारों लीटर पानी बर्बाद हुआ। नगर पालिका के जलापूर्ति प्रभारी उपयंत्री धीरेंद्र राठौर ने बताया कि फिलहाल पानी की आपूर्ति रोकी गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को बदलकर जलापूर्ति कल तक बहाल कर दी जाएगी। साथ ही, इस बात की जांच भी की जाएगी कि ठेकेदार ने पाइपलाइन को जमीन में गाडऩे के बजाय ऊपर क्यों छोड़ा था।

## ग्रहण की छाया में होगी होली 2 मार्च को जलेगी होलिका

### 3 मार्च को रहेगा चंद्रग्रहण, सूतक के कारण बदलेगा पर्व का क्रम



**भौंरा।** फाल्गुन मास का बहुप्रतीक्षित रंगोत्सव इस वर्ष खगोलीय घटना के कारण विशेष महत्व के साथ मनाया जाएगा। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित सतीश दुबे ने बताया कि इस वर्ष में होली का पर्व चंद्रग्रहण की छाया में आएगा, जिसके चलते होलिका दहन और रंगोत्सव की तिथियों को लेकर लोगों में जिज्ञासा बनी हुई है। पंडित दुबे के अनुसार, फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 2 मार्च सोमवार की शाम से प्रारंभ हो जाएगी। शास्त्रीय गणना के आधार पर इसी दिन संध्या के समय होलिका दहन का शुभ मुहूर्त प्राप्त हो रहा है। भद्रा काल से बचते हुए 2 मार्च की शाम को होलिका दहन करना शास्त्र सम्मत और शुभ रहेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष का पहला चंद्रग्रहण 3 मार्च 2026, मंगलवार को लगेगा, जो भारत में दिखाई देगा। ग्रहण दोपहर बाद से प्रारंभ होकर शाम तक रहेगा। ग्रहण के कारण सूतक काल प्रभावी रहेगा, जिसमें धार्मिक परंपराओं के अनुसार पूजा-पाठ, मांगलिक कार्य और उत्सव संबंधी कार्यक्रम वर्जित माने जाते हैं। इसी कारण 3 मार्च को रंगों का उत्सव नहीं मनाया जाएगा। पंडित दुबे ने स्पष्ट किया कि ग्रहण समाप्ति के बाद शुद्धि एवं स्नान के उपरांत ही शुभ कार्य किए जाते हैं। इसीलिए रंगों वाली होली अर्थात धुरेड़ी 4 मार्च 2026, बुधवार को पूरे उत्साह और पारंपरिक विधि से मनाई जाएगी। उस दिन ग्रहण का कोई प्रभाव नहीं रहेगा और लोग निश्चिंत होकर रंगोत्सव मना सकेंगे। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की है कि ग्रहण काल में भगवान का स्मरण, मंत्र जाप और दान-पुण्य करें तथा ग्रहण समाप्ति पश्चात स्नान करके ही भोजन ग्रहण करें।

### योगियों का आयोजित होगा होली मिलन समारोह

## भारत स्वाभिमान न्यास की मासिक बैठक में हुआ संगठन का विस्तार



**बैतूल।** पतंजलि योगपीठ के अंतर्गत संचालित भारत स्वाभिमान न्यास बैतूल की जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन जिला कार्यालय बैतूल में संपन्न हुआ। बैठक में योगऋषि परम पूज्य स्वामी जी महाराज के शिष्य एवं भारत स्वाभिमान न्यास के जिला प्रभारी सुनील कुबड़े ने संगठनात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बैतूल जिले की सभी तहसीलों से पधारे कार्यकर्ताओं को योग, यज्ञ, अध्यात्म, आयुर्वेद, संस्कृति, भारतीय शिक्षा बोर्ड तथा राष्ट्र निर्माण में संगठन की भूमिका को सुदृढ़ करने हेतु प्रेरित किया। न्यास की प्रदेश समिति के वरिष्ठ भीमराव आवठे ने प्रदेश में चल रहे योग, आयुर्वेद, स्वदेशी एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों का विस्तृत वृत्त प्रस्तुत करते हुए योग शिक्षक साथियों को दिशा-निर्देश दिए। बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं। जिसमें सह जिला प्रभारी राजकुमार गोहिते, युवा भारत सह जिला प्रभारी कृष्ण बघेल एवं लोकेश वर्मा, पतंजलि सह जिला प्रभारी राजेश कोडलें, पतंजलि किसान सेवा समिति सह जिला प्रभारी बेनी चरन पुंडे, जिला प्रभारी विधि प्रकोष्ठ राजेंद्र महस्की, जिला संवाद प्रभारी मुकेश ठाकुर, भारतीय शिक्षा बोर्ड जिला प्रभारी कन्हैयालाल झपाटे, सह प्रभारी मिश्रीलाल डडोरे, जिला कार्यालय प्रभारी नर्मदा प्रसाद साहू साथ ही सतीश पाल, अभिजीत पिंजरकर, तुलसीराम पांडे, सुनील मेसरे, शेर सिंह देवडे एवं अर्जुन सिंह चंदेल को जिला समिति में जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रत्येक तहसील में भी प्रभारियों की नियुक्ति की गई है, जिससे गांव-गांव तक योग सेवा का विस्तार सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम का संयोजन बैतूल तहसील प्रभारी संतोष तोमर ने किया। बैठक में संगठन के वरिष्ठ जयप्रकाश रोचलानी, किसान समिति के जिला प्रमुख नवनीत वर्मा, जिला युवा प्रभारी हितेश पटेल, शाहपुर तहसील प्रभारी शारदा प्रसाद गुप्ता, मुलताई तहसील प्रभारी हितेश सिंह सिसोदिया आदि रहे मौजूद।

## पुष्य नक्षत्र पर 707 बच्चों ने लिया स्वर्ण प्राशन का लाभ



**बैतूल।** आयुष विभाग द्वारा 28 फरवरी को पुष्य नक्षत्र के अवसर पर स्वर्ण प्राशन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर के कुल 707 बच्चों ने लाभ प्राप्त किया। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र पर स्वर्ण प्राशन कराया जाता है और इसी क्रम में इस माह भी सफलतापूर्वक आयोजन संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन में स्वर्ण भस्म के साथ शंखपुष्पी, ब्राम्ही, वचा, घृत और शहद का मिश्रण औषधीय रूप में दिया जाता है। बदलते मौसम में यह बच्चों के प्रतिरक्षा तंत्र को मजबूत करता है तथा बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है। इसे बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अमृत तुल्य माना गया है। स्वर्ण प्राशन का आयोजन शासकीय आयुर्वेद जिला चिकित्सालय टिकारी में 560 बच्चों, जिला आयुष विंग बैतूल में 53 बच्चों, शासकीय आयुर्वेद औषधालय गर्ग कॉलोनी में 73 बच्चों तथा शासकीय आयुर्वेद औषधालय भैंसदेही में 21 बच्चों को कराया गया। इस प्रकार कुल 707 लाभार्थी बच्चों ने स्वर्ण प्राशन का लाभ प्राप्त किया। आयुष विभाग ने सभी माता-पिता से अपील की है कि वे अपने 6 माह से 16 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण प्राशन अवश्य कराएं ताकि उनके स्वास्थ्य और विकास को मजबूती मिल सके।

## यूजीसी के काला कानून के विरोध में सवर्ण समाज संगठन की बैठक

### विभिन्न समाजों के लोगों ने कानून का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



यूजीसी के काला कानून के विरोध में पूरे देश में विरोध की ज्वाला निरंतर बढते ही जा रही है। बैतूल में भी शहर के गुरुद्वारा रोड स्थित योग सेंटर पर रविवार दोपहर विभिन्न समाजों के स्वर्ण लोगों की बैठक आयोजित कर आगामी रूपरेखा और धरना प्रदर्शन करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

बैठक में देश में सामाजिक भावनाओ को बिगाडऩे वाले यूजीसी कानून के लिए अपने-अपने मत सभी समाज के लोगों ने खुल कर रखे। बैठक में यह बात सामने आई कि केवल सवर्ण समाज ही शोषक है। भविष्य में इस कानून के क्या-क्या दुष्परिणाम हो सकते हैं, इस विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई। यह निर्णय भी लिया गया कि आगामी 7 मार्च को दत्त मंदिर कॉलेज रोड में पुनः बैठक का आयोजन किया जायेगा। जिसके पश्चात 9 मार्च को विभिन्न समाजों के द्वारा कलेक्ट्रेट के सामने धरना एवं रैली प्रदर्शन करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। यह संदेश दिया गया कि देश की एकता और अखंडता के लिए यह काला कानून तुरंत निष्प्रभावी किया जाना चाहिए, अन्यथा इसका आगामी परिणाम बहुत भयावह होगा। विभिन्न समाजों के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए। बैठक में सवण समाज संगठन के अध्यक्ष सौरभ सिंह ठाकुर, संयोजक राकेश त्रिवेदी एवं जगदीश सिंह राघव, राजा ठाकुर, प्रवक्ता विकास गोल्डी मिश्रा, बंटी मोटवानी, बबलू खुराना, नागौराव जगताप, प्रेरणा शर्मा, साक्षी शर्मा, हेमा सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चंद्रग्रहण के सूतक काल में रंग खेलने में कोई हर्ज नहीं

## होली सिर्फ मस्ती नहीं, बल्कि आस्था और विश्वास का भी पर्व है, संस्कारों के साथ मनाए: पंडित शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

इस बार होली पर्व पर बन रहे कुछ अद्भुत संयोगों के चलते लोगों में भ्रम की स्थिति बन रही है। होलिका का दहन कब और कितने बजे करें पूर्णिमा पर भद्रा और चंद्रग्रहण भी है। ऐसे में कई तरह की चर्चाएं और अधूरी जानकारी मिलने से लोग भ्रमित हो रहे हैं, किंतु ऐसे हालातों में कुछ विद्वानों ने बताया है कि समाज में होली पर्व को लेकर किसी को भी भ्रमित होने की जरूरत नहीं है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जैसे होली का पर्व मनाया जाता है वैसा ही मनाया जाएगा किंतु खग्रास चंद्रग्रहण और भद्रा को लेकर कुछ सावधानियां और समय का बंधन जरूर रहेगा। इस बारे में शहर के पंडित राकेश शर्मा ने बताया है कि इस बार सबसे पहले 2 मार्च सोमवार को दोपहर से पूर्व ही होली रखना है, क्योंकि 2 मार्च की शाम 5 बजकर 45 मिनट से 3 मार्च की सुबह 5 बजे तक भद्रा का साया रहेगा। किंतु भद्रा के पूंछ काल यानी निकलती हुई भद्रा में कोई भी शुभ कार्य करने से शुभकर्म की शुभता ही मिलती हैं। ऐसे में 2 मार्च की मध्य रात्रि में होलिका दहन करना ज्यादा श्रेयस्कर रहेगा।इसके अलावा 3 मार्च मंगलवार को चंद्रग्रहण का भी योग बन रहा है, जिसका ग्रहण काल दोपहर 3 बजकर 20 मिनट से शुरू होगा, ग्रहण का मध्यान्ह काल लगभग 5 बजे और ग्रहण का मोक्ष शाम 6 बजकर 45 मिनट पर हो जाएगा। शास्त्र अनुसार चंद्रग्रहण का सूतक 9 घंटे पूर्व ही शुरू हो जाता है, यानी चंद्रग्रहण का सूतक मंगलवार सुबह से रहेगा यहां सबसे ज्यादा भ्रम की स्थिति इसी कारण से बनी हुई है कि आखिर ग्रहण के सूतक काल में धुलंडी का पर्व कैसे मनाएंगे, किंतु सूतक काल में रंग खेलने से कोई हर्ज नहीं है। पंडित शर्मा के अनुसार मंगलवार को ग्रहण के सूतक काल में भी दोपहर 2 बजे तक का रंग खेल सकते हैं। किंतु जिन इलाकों में 3 मार्च की सुबह होलिका दहन होगा वहां पर 4 मार्च बुधवार को ही रंग खेलना ज्यादा श्रेयस्कर रहेगा।

#### भ्रम नहीं जानकारी रखिए: पंडित त्रिवेदी

इस मौके पर धनश्री ज्योतिष संस्थान उत्तर प्रदेश के ज्योतिषाचार्य पंडित चिराग त्रिवेदी ने इस मौके पर चर्चा में बेहद स्पष्ट लहजे में हमें बताया है कि, इस बार होली का पर्व कुछ खास योग और खग्रास चंद्रग्रहण के कारण आम जनमानस में भ्रम की स्थिति जरूर बना रहा है।

#### किस राशि पर कैसा प्रभाव डालेगा चंद्रग्रहण

ज्योतिषाचार्य के अनुसार मंगलवार को पड़ने वाले खग्रास चंद्र ग्रहण का सभी 12 राशियों पर अलग-अलग ढंग से प्रभाव पड़ेगा, इसमें मिथुन,तुला, वृश्चिक और मीन राशि वाले जातकों को यह ग्रहण विशेष लाभकारी सिद्ध होगा, तो वही मेष, वृष,कर्क सिंह कन्या के लिए ग्रहण कष्टकारी तथा धनु और कुंभ के लिए इस बार चंद्रग्रहण सामान्य प्रभाव डाल सकता है, इस दौरान ज्योतिषाचार्य ने ग्रहण के दुष्प्रभाव से बचने के लिए होली का दहन के दौरान होली में नारियल, लौंग,काले तिल,कपूर आदि को बड़े ही श्रद्धा भाव के साथ जलाने की सलाह दी है।

## त्योहारों से पहले प्रशासन अलर्ट, शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

### होली, रंग पंचमी और ईद पर सौहार्द का संदेश




**भौंरा।** आगामी होली, रंग पंचमी और ईद-उल-फितर के मद्देनजर रविवार शाम 5 बजे पुलिस चौकी भौंरा में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर त्योहारों को सौहार्दपूर्ण और अनुशासित ढंग से मनाने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में मुख्य रूप से सरपंच मीरा धुर्वे, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, जनपद सदस्य सुधीर नायक तथा चौकी प्रभारी नीरज खरे उपस्थित रहे। अधिकारियों ने नागरिकों से संवाद करते हुए कहा कि सभी त्योहार परंपरा और उल्लास के साथ मनाए जाएं, लेकिन किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में विशेष रूप से बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए ध्वनि यंत्रों के सीमित एवं नियंत्रित उपयोग पर जोर दिया गया। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने, जबरदस्ती रंग लगाने तथा केमिकल युक्त रंगों से होली खेलने से परहेज करने की अपील की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ऐसे कृत्य, जिनसे किसी व्यक्ति को शारीरिक या मानसिक नुकसान पहुंचे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर में विभिन्न पर्वों को निर्धारित तिथियों पर व्यवस्थित रूप से मनाने के संबंध में भी विचार-विमर्श किया गया। चौकी प्रभारी नीरज खरे ने भरोसा दिलाया कि पुलिस विभाग 24 घंटे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहेगा। बैठक में सरपंच मीरा धुर्वे,भाजपा मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिरोठिया, जनपद सदस्य सुधीर नायक, जयकिशोर मिश्रा, ओमप्रकाश कावडक़र,पराग राठौर,दीपक उपाध्याय, उत्तम वर्मा, मकसूद खान सहित नगर के वरिष्ठ नागरिक, व्यापारी वर्ग, धर्मगुरु, पत्रकार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आपसी भाईचारे और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।

### वरिष्ठ साहित्यकार ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की स्मृति में होली मिलन समारोह आयोजित

# जीवन ने गाई: खेतों में आई गेहूं की बालियां जैसे बचपन लेता है, खुश होकर किलकारियां

सोहागपुर में शनिवार रात वरिष्ठ साहित्यकार ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की स्मृति में उनके निवास पर भावपूर्ण होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। तीन चरणों में संपन्न हुए इस आयोजन में साहित्यकारों ने श्रद्धांजलि, रंगोत्सव और विभिन्न विधाओं पर आधारित काव्य पाठ प्रस्तुत किए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

सोहागपुर के साहित्यकारों ने शनिवार रात क्षेत्र के वरिष्ठ साहित्यकार ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया की स्मृति में उनके निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन को तीन चरणों में किया गया। जिसमें कवियों ने विविध विधाओं पर रचनाएं प्रस्तुत कीं। ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया के पुत्र व कार्यक्रम आयोजक पं. पद्मकांत सहारिया ने बताया कि इस स्मृति प्रसंग आयोजन की अध्यक्षता वरिष्ठ गज़लकार जलज शर्मा ने की। इस दौरान साहित्यकारों ने आयोजन के प्रथम चरण में पं. राजेंद्र सहरिया द्वारा साहित्य तथा उत्थान के लिये किये गए कार्यों पर उद्बोधन दिये। द्वितीय चरण में रंगोत्सव पर आधारित रचनाओं का काव्य पाठ समस्त कवियों ने किया।

वहीं तीसरे चरण में कवियों ने अपनी मूल विधाओं पर आधारित रचनाओं की प्रस्तुति की। समाजसेवी पं. प्रशांत बसेड़िया की उपस्थिति में प्रथम चरण का संचालन कवि जीवन दुबे ने, द्वितीय चरण का संचालन कवि सौरभ सोनी ने तथा तृतीय चरण का संचालन कवि प्रबुद्ध दुबे ने किया। इस दौरान ब्रह्मलीन पं. राजेंद्र सहारिया के अभिन्न साथी व मध्य प्रदेश के वरिष्ठ साहित्य समीक्षक कवि नारायण श्रीवास्तव ने वीडियो कॉल के माध्यम से पंडित सहारिया के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। कवि नारायण श्रीवास्तव ने भी वीडियो कॉल पर काव्य पाठ किया। इस दौरान श्रोतागण उपस्थित थे।

### कवियों ने सुनाई रचनाएं

**शैलेंद्र शर्मा:** बावरो मन भयो तन केसरिया, कैसा फागुन आया है, नैनन में कजरे की धारा, अधरों से मुस्काया है।

**जीवन दुबे:** खेतों में आई गेहूं की बालियां, जैसे बचपन लेता हो खुश होकर किलकारियां।

**पद्माकांत सहारिया:** भवसागर में बहते मुझको, ईशकृपा की नाव मिली है, जन्म-जन्म के पुण्य फले जो, इन तरुवर की छांव मिली है।

**सौरभ सोनी:** दिलों में दूरियां हैं, विश्वास खो रहे, ना अब होली वो रही, ना ही संग वो रहे।

**प्रबुद्ध दुबे:** जरूरत नहीं लड़ झगड़कर दुश्मन बनाने की, सच बोलने लगो, तादाद खुद ब खुद बढ़ जाएगी।

**जलज शर्मा:** नकाबों में झुका जालिम जमाना है, हैन दिल कागज़ के, बस कागज़ ही कमाना है।

**अमित बिल्लौरे:** संभालो रिश्तों को, अपने रूठ ना जाएं, देर तक जागना छोड़ो, सपने रूठ ना जाएं, मैं एक सा रहता हूं, रिवाज़ों व चलन के बीच, ताकि मां भी खुश रहे मेरी, और बच्चे रूठ न जाएं।

# राज्य पात्रता परीक्षा 2025 के दौरान कमिश्नर ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर देखी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



रविवार को मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य पात्रता परीक्षा 2025 के दौरान कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने परीक्षा संचालन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की एवं केंद्र प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कमिश्नर तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या असुविधा का सामना न करना पड़े, यह संबंधित केंद्र प्रभारी सुनिश्चित करें। उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर पहुंचकर फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा किए गए निरीक्षण की जानकारी भी ली तथा सुरक्षा एवं गोपनीयता संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने शासकीय एसएनजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, इतवारा बाजार एवं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती का भ्रमण किया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास डीएन पटेल भी उपस्थित रहे। परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई।

## शहीद भगत सिंह कॉलेज में जनभागीदारी शुल्क का आय-व्यय विवरण मांगा गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया

शहीद भगत सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी के कार्यकाल के दौरान कालेज लगातार चर्चा में रहा है। विशेष रूप से जनभागीदारी समिति की बैठक एक वर्ष से आयोजित नहीं की गई है, जिस पर छात्र संगठन ने सवाल उठाए हैं। छात्र नेता वैभव शर्मा ने आवेदन देकर कालेज के जनभागीदारी शुल्क का आय-व्यय विवरण सार्वजनिक करने की मांग की है।उनका कहना है कि हर शैक्षणिक सत्र में छात्रों से जनभागीदारी शुल्क लिया गया है, लेकिन इस वर्ष वित्तीय वर्ष समाप्त होने के करीब है, ऐसे में यह जरूरी है कि शुल्क से संबंधित आय-व्यय का विवरण छात्रों को दिया जाए। छात्रों का यह भी कहना है कि इस शुल्क का उपयोग शैक्षणिक और संस्थागत विकास के लिए किया जाता है, लेकिन इस वर्ष अनेक योजनाओं जैसे अतिथि विद्वान नियुक्ति और समाचार पत्र वितरण को शुरू नहीं किया गया। प्राचार्य डॉ. राजीव माहेश्वरी ने इस मामले में शीघ्र आय-व्यय विवरण प्रदान करने की बात कही है।

# नपाध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण, दिए गुणवत्ता पूर्ण कार्य के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर



सोहागपुर शहर के राजेंद्र वार्ड में नगर परिषद द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा है। गत दिवस नपाध्यक्ष लता पटेल ने उक्त सड़क का निरीक्षण किया है। इस दौरान नपाध्यक्ष लता पटेल ने रोड निर्माण करते ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए हैं। नगर परिषद से एचएल परते ने बताया कि लगभग 200 मीटर लंबी सीसी रोड राजेंद्र वार्ड में जैन मंदिर चैत्यालय से लेकर किलापुरा वार्ड क्षेत्र की मस्जिद तक बनाई जा रही है। परते ने बताया कि गत दिवस नगर परिषद अध्यक्ष लता पटेल, अध्यक्ष प्रतिनिधि यशवंत पटेल एवं भाजपा नेत्री संध्या नागवंशी ने सीसी रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। इस दौरान नागरिकों ने नप अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया कि वर्षों से सड़क के पुनर्निर्माण की मांग वार्डवासियों द्वारा की जा रही थी। वार्डवासियों ने राजेंद्र वार्ड पार्षद गौरव कृष्ण कुमार पालीवाल के प्रति भी आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने कहा कि पार्षद गौरव पालीवाल ने सड़क निर्माण की जनता की मांग स्वीकृत कराने एवं इसका निर्माण प्रारंभ कराने में महती भूमिका निभाई है। नप से प्राप्त जानकारी अनुसार 200 मीटर लंबी यह सीसी रोड लगभग 20 लाख रुपए लागत से निर्मित की जा रही है तथा शीघ्र ही सड़क का निर्माण पूर्ण होगा।

# जनगणना का मैदानी कार्य नगर में शुरू नप के कर्मियों ने मकानों पर की नंबरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

भारतीय जनगणना 2027 का कार्य शुरू हो चुका है। जनगणना कार्य शहर में सुचारू रूप से संचालित करने के लिए गत दिवस नप सभा कक्ष में प्रशिक्षण आयोजित किया गया तथा मकानों की नंबरिंग भी शुरू की गई है। नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार मास्टर ट्रेनर सोहागपुर बीआरसीसी राकेश रघुवंशी ने सभी नपकर्मियों को जनगणना का प्रशिक्षण दिया है। जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र के जनगणना कार्य में उपयंत्री बृजेश खानोरकर को नोडल अधिकारी तथा प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई को जनगणना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि शहर में 15 वार्ड हैं। अतः इनमें जनगणना कार्य के लिये पांच-पांच वार्डों के तीन समूह बनाए गए हैं। प्रत्येक समूह के लिए एक वार्ड प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### ये होंगे वार्ड समूह प्रभारी

जनगणना कार्य में शहर के वार्डों के तीन समूह बनाए गए हैं। वार्ड क्रमांक एक से पांच के प्रथम समूह के लिये



सहायक राजस्व निरीक्षक एचएल परते, समूह दो में वार्ड क्रमांक छह से 10 के लिए सहायक राजस्व निरीक्षक दयाशंकर कुड़मी तथा तीसरे समूह में वार्ड क्रमांक 11 से 15 के लिए सहायक स्वच्छता निरीक्षक अमित परसाई प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी उपयंत्री बृजेश खानोरकर तथा जनगणना अधिकारी सहायक प्रभारी राजस्व निरीक्षक संजय परसाई ने बताया कि शहर के सभी वार्डों में जनगणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। नप के प्रत्येक वार्ड वसूलीकर्ता को जनगणना की जिम्मेदारी दी गई है। शनिवार दोपहर से मैदानी नपकर्मियों ने जनगणना कार्य की शुरुआत करते हुए हाउस नंबरिंग अर्थात मकान सूचीकरण कार्य प्रारंभ किया है।

# समेरिटन्स स्कूल इटारसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



समेरिटन्स इंग्लिश मीडियम सेकेंडरी स्कूल, इटारसी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विज्ञान विषय पर आधारित विविध कार्यक्रमों का आयोजन हुए। कार्यक्रम के सेवानिवृत्त शिक्षक सुभाष जैन थे। अन्य अतिथियों में सेवानिवृत्त प्राचार्य जीपी मालवीय, प्रसिद्ध भागवत कथा वाचक पंडित विनय व्यास, शिक्षक-पालक संघ अध्यक्ष एनपी चौधरी, मोनिका चौधरी, हरप्रीत कौर उपस्थित रहीं। इस अवसर पर विधार्थियों ने मैजिक शो का आयोजन किया। विज्ञान के सिद्धांतों के माध्यम से मैजिक (जादू) को समझाया गया। नर्सरी एवं प्राथमिक कक्षाओं के विधार्थियों ने जीवन में संतुलित आहार की अहमियत पर नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय के छात्रों ने कई सराहनीय प्रायोगिक मॉडल प्रदर्शित किये, जिन्होंने उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। इस अवसर पर श्री जैन ने बच्चों को विज्ञान के उपयोग एवं महत्व के विषय में जानकारी प्रदान की। मालवीय ने बच्चों को स्वस्थ जीवन के लिए विज्ञान के योगदान के बारे में बताया। स्वागत भाषण शिक्षिका नमिता दीप्ति दास दिया जबकि प्राची शर्मा ने सर सीवी रमन के जीवन के बारे में जानकारी दी। संचालन शिक्षिका प्रियल दुबे ने किया। प्राचार्य प्रशांत दीक्षित ने सभी अतिथियों का आभार माना। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रांगण में फलदार पौधों का रोपण किया गया।

# तीन मार्च की सुबह करें होलिका दहन, चार मार्च को खेला जाएगा रंगों का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

होलिका दहन के दिन वर्ष 2026 का पहला चंद्रग्रहण होगा व धुरेड़ी चार मार्च को खेली जाएगी। उक्त जानकारी हरिभूमि से विशेष चर्चा में मां विद्युत प्रभा देवी मंदिर एवं संकट मोचन हनुमान मंदिर सोहागपुर के अर्चक आचार्य पं. विनीत शर्मा ने दी है। पं. शर्मा ने बताया कि तीन मार्च 2026 दिन मंगलवार को वर्ष का पहला उदित चंद्रग्रहण है। जिसका सूतक काल नौ घंटे पहले सुबह से लगेगा। ग्रहण सूतककाल दौरान कोई भी शुभ कार्य या पूजन पाठ आदि नहीं किया जाता। पं. शर्मा के अनुसार दो मार्च को शाम 6:55 से भद्रा काल प्रारंभ होने के कारण होलिका दहन तीन मार्च को प्रातः 4:55 तक बजे किया जाए। तथा वसंतोत्सव चार मार्च को मनाया जाएगा।



### यह है काल गणना

पं. शर्मा ने बताया कि तीन मार्च को चंद्र ग्रहण का सूतक प्रातः 6:20 बजे लगेगा एवं चंद्रग्रहण दोपहर 3:20 बजे से शुरू होगा। मध्यकाल दोपहर 3:27 बजे होगा, एवं ग्रहण का मोक्ष काल शाम 6:27 बजे होगा। चंद्रग्रहण पूर्ण होने के बाद स्नान ध्यान कर घर के पूजन पाठ करें, अन्न-वस्त्र दान करें, घर को पवित्र जल से सिंचन करें तथा घर एवं मंदिर में जाकर दीपक जलाएं। पं. विनीत शर्मा के अनुसार ग्रहण के दौरान किसी भी मंत्र का जप करना शुभ माना जाता है। लेकिन ईश्वर की मूर्ति का स्पर्श नहीं करना चाहिए।

# मां रेवा की भक्ति बनी स्वच्छता की शक्ति- चित्रगुप्त घाट पर कायस्थ समाज का 'भागीरथ' संकल्प जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदे सर्वदे... के दिव्य जयघोष और मां रेवा के प्रति अटूट श्रद्धा के साथ, पिछले 4 वर्षों से जारी अखिल भारतीय कायस्थ समाज का स्वच्छता संकल्प रविवार को भी पूरी निष्ठा के साथ संपन्न हुआ। स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर आयोजित इस वृहद अभियान में न केवल श्रमदान किया गया, बल्कि समाज के दिग्गजों ने मां नर्मदा की महिमा के आलोक में स्वच्छता और जल संरक्षण का पावन संदेश भी दिया। अभियान के दौरान चार प्रमुख व्यक्तित्वों ने मां नर्मदा और गंगा के महत्व को रेखांकित करते हुए जनता को जागरूक किया। सी.बी. खरे बैंक अधिकारी ने बताया कि शास्त्रों में वर्णित है कि गंगा में स्नान से जो पुण्य मिलता है, वह मां नर्मदा के दर्शन मात्र से प्राप्त होता है। मां गंगा की भांति ही नर्मदा का जल भी मोक्षदायिनी है। यदि हम घाटों को दूषित रखते हैं, तो हम अपनी आध्यात्मिक विरासत का अपमान कर रहे हैं। स्वच्छता ही मां की सच्ची आरती है। विजय वर्मा प्रखर समाजसेवी ने कहा कि जल को साक्षात ब्रह्म माना गया है। जैसे गंगा की अविरलता महत्वपूर्ण है, वैसे ही मां नर्मदा की निर्मलता हमारा सामूहिक दायित्व है। जनता को समझना होगा कि घाट पर फेंका गया एक छोटा सा कचरा भी हमारे पर्यावरण और धर्म के विरुद्ध है। आइए, इसे अपनी जीवनशैली बनाएं। वहीं जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति वर्मा ने कहा कि मातृशक्ति का धर्म केवल घर की शुद्धि नहीं, बल्कि समाज और धर्म की जननी मां नर्मदा की शुद्धि भी है। गंगा जी ने जिस प्रकार धरती को पवित्र किया। नर्मदा भी हमें जीवन दे रही हैं। स्वच्छता का यह संकल्प हर घर से निकलकर घाटों तक आना चाहिए। वहीं सीबी खरे ने बताया कि मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है। नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा ने मान्यता है कि मां के तटों पर किया गया सेवा कार्य अनंत गुना फल देता है। शासन अपनी ओर से प्रयास कर रहा है, लेकिन जनता की भागीदारी के बिना स्वच्छता संभव नहीं। चित्रगुप्त घाट की सीढ़ियों से काई हटाना केवल फिसलन हटाना नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं के मार्ग को सुगम और पुनीत बनाना है।



# बैतूल के आर्यन के 163 रन पर नर्मदापुरम के अथर्व के 105 रन का शतक भारी पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन नर्मदापुरम के द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट 20-20 ओवर्स सीनियर मेंस टूर्नामेंट में नर्मदापुरम ने खिताब पर कब्जा जमाया है आज खेले गए धमाकेदार फाइनल मुकाबले में नर्मदापुरम ने बैतूल को 6 विकेट से हराया। नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ के मानसेवी सचिव प्रदीप तोमर ने बताया कि बैतूल जिले ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आर्यन देशमुख की धमाकेदार नाबाद पारी 66 बॉल पर 163 रन बनाए और मैदान के चारों ओर छक्के और चौके लगाए आर्यन देशमुख ने 16 छक्के और 8 चौके लगाए एवं उनके साथ देते हुए साहिल कवाड़े ने महत्वपूर्ण नाबाद 38 रन जोड़कर टीम का कुल स्कोर 20 ओवर्स में 4 विकेट पर 224 रनो का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया और नर्मदापुरम के सामने 225 रनों का लक्ष्य रखा।गेंदबाजी में नर्मदापुरम के गेंदबाज कार्तिक राजोरिया ने 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट और हर्षित परसाई ने 4 ओवरो में 27 रन देकर 2 विकेट हासिल किए बाकी सभी गेंदबाज आर्यन देशमुख की गेंदबाजी के सामने कमजोर साबित हुए। नर्मदापुरम जिले की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरुआती खिलाड़ियों के विकेट जल्द ही झटक लिए सिर्फ कप्तान राहुल चंद्रौल 21 बॉल पर 46 रन बनाकर आउट हुए। फिर अथर्व महाजन और अखिल निगोटे यादव की 5 वे विकेट पर शानदार नाबाद पारी खेली और अथर्व महाजन ने क 39 बॉल पर 105 रन 8 छक्के एवं 8 चौके लगाए और अखिल निगोटे यादव ने साथ देते हुए 27 बॉल पर 39 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली। अथर्व महाजन की आतिशी शतक के कारण मैच 17वे ओवर में 7 विकेट से जीत लिया।बैतूल के गेंदबाज यशवीर को 2 विकेट और आर्यन देशमुख को 1 विकेट हासिल हुआ।शानदार जीत दिलाने वाली पारी खेलने पर अथर्व महाजन को मेन ऑफ द मैच चुना गया एवं आर्यन देशमुख को शानदार शतक के लिए पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कपिल फौजदार एवं एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा द्वारा प्रदान किया गया एवं विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष राजेश चौरे, सचिव मनोहर बिल्थरिया, सिलेक्शन कमेटी चेयरमैन संजय नाफडे, सुनील कालोसिया,सुनील शर्मा,नितेश राजपूत,चेतन राजपूत, अंपायर विशाल शर्मा एवं नीरज गौर, स्कोरर दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।



## आज पहुंचेगी बोरास, होगा शिव महाभिषेक

# नर्मदा परिक्रमा ने किया उत्तर तट बांद्राभान से प्रस्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

आचार्य सोमेश परसाई के सानिध्य मैं चल रही मां नर्मदा की परिक्रमा उत्तर तट बांद्राभान पहुंची जहां सभी परिक्रमावासियों ने संगम तट पर माँ नर्मदा का एवं भगवान शिव का आचार्य श्री के सानिध्य मैं पूजन अर्चन एवं अभिषेक किया।

### हर तट पर हो रहा है रुद्राभिषेक

आचार्य श्री के सानिध्य में जहां भी यात्रा पहुंच रही है वहां भगवान का रुद्राभिषेक एवं संगीतमय स्तुतियों का गान हो रहा है। गत दिवस अग्रवाल महासभा द्वारा इंदौर मैं भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन हुआ तत्पश्चात रविवार को बांद्राभान में रुद्राभिषेक हुआ। जहां नर्मदापुरम, सीहोर



रायसेन आदि से गुरुदेव के शिष्यमंडल एवं जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए एवं परिक्रमावासियों का स्वागत सम्मान किया। आज परिक्रमा बोरास पहुंचेगी जहां रघुवंशी समाज द्वारा भगवान शिव के भव्य रुद्राभिषेक का आयोजन किया जायेगा।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने स्व. कमलाबाई राठौर को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश पचौरी स्थानीय बालागंज स्थित राठौर निवास पहुंचे। यहां उन्होंने वरिष्ठ समाजसेवी कुलदीप राठौर की पूजनीय माताजी, स्व. कमलाबाई राठौर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक की इस घड़ी में परिवार के बीच पहुंचे श्री पचौरी ने कुलदीप राठौर एवं समस्त शोकाकुल परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए अपने उद्बोधन में कहा ₹माताजी का जाना न केवल राठौर परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। एक माँ का साया उठने का दुःख शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कमलाबाई राठौर एक ममतामयी और उच्च आदर्शों वाली महिला थीं, जिनके संस्कार आज उनके सुपुत्रों और परिवार के रूप में हमारे सामने हैं। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह अपार कष्ट सहने की शक्ति प्रदान करें। श्रद्धांजलि सभा के दौरान क्षेत्र के अनेक वरिष्ठ पत्रकार और गणमान्य नागरिकों ने भी उपस्थित रहकर दिवंगत आत्मा को नमन किया। उपस्थित जनों में प्रमुख रूप से शामिल रहे।



### पैसे नहीं दिए तो पीटा

**नर्मदापुरम।** देहात थाना अंतर्गत फरियादी इमरतलाल ने आरोपी आशीष लक्खा, रेवाशंकर, करन भदौरिया को शराब पीने के लिए पैसे नहीं दिए जिस पर उसके साथ मारपीट कर थप्पड़ मुक्के मारे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं राकेश मांझी रैकवार पिता किशनलाल रैकवार, निवासी 159/1 सुभाषगंज वार्ड नं 8, 9 मकान नं 127-2 से 245-1 तक हरदोल मंदिर बालागंज शिव हरे गली, न्यू फौजदार गैरेज होशंगाबाद में निवास करता हूँ। यह कि मेरे दस्तावेजो में मेरा नाम राकेश मागी पिता किशनलाल मागी (Rakesh Magi S/o Kishan Lal Magi) दर्ज है। राकेश कुमार मागी पिता किशनलाल मागी (Rakesh Kumar Magi S/o Kishan Lal Magi) राकेश कुमार माघी पिता किशनलाल माघी (Rakesh Kumar Maghi S/o Kishan Lal Maghi) दर्ज है जो कि सभी नाम मेरे ही है पर गलत दर्ज है। मेरा सही नाम राकेश मांझी रैकवार पिता किशनलाल रैकवार (RAKESH MANJHI RAIKWAR S/O KISHANLAL RAIKWAR) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

भवदीय राकेश मांझी रैकवार पिता किशनलाल रैकवार
(RAKESH MANJHI RAIKWAR S/O KISHANLAL RAIKWAR)

**खबर संक्षेप**

## नारायण नर्मदापुरम संभागीय उपाध्यक्ष बने



**हरदा।** अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली,मध्य प्रदेश इकाई भोपाल अध्यक्ष एम एल नामदेव की सहमती से नर्मदापुरम संभाग में पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। जिसमें संगरक्षक गणेश मालवीय बैतूल, संभागीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार जानोरिया इटारसी, संभागीय उपाध्यक्ष पत्रकार नारायण नामदेव हरदा, सयुक्त सचिव लोकेश सिलारपुरिया हरदा, आशीष खापरे नर्मदापुरम, सलाहकार मोहित नामदेव बैतूल को मनोनीत किया गया है। पत्रकार नारायण नामदेव को संभागीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर मित्रों, समाजजन, परिवार जन ने बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं दी। संभागीय उपाध्यक्ष पत्रकार नारायण नामदेव ने अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासंघ नई दिल्ली मध्यप्रदेश इकाई भोपाल के सभी पदाधिकारियों एम एल नामदेव, दीपक नामदेव, हरिशंकर नामदेव, महिला अध्यक्ष शशिकांता नामदेव, युवा कार्यकारिणी अध्यक्ष दीपक नामदेव सहित संगठन के सभी पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि संगठन ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसका मै पूरी ईमानदारी और लगन से समाज हित के लिए कार्य करूंगा।

## करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत

**रहटगांव।** थाना क्षेत्र के मालेगांव गांव में करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना शनिवार रात की है। रविवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पत्नी प्रमिला आहके (गोंड) ने बताया कि शनिवार रात करीब 9 बजे वह खाना बना रही थीं, जबकि उनके पति पवन आफते (30) खाना खा रहे थे। खाना खाने के बाद पवन ने थाली में हाथ धोए और गीले हाथों से मोबाइल चार्जर को बिजली के बोर्ड में लगाने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्हें बाएं हाथ की उंगलियों में करंट लगा और वे पीछे की ओर गिर गए। प्रमिला और उनकी सास तुरंत वहां पहुंचीं तो पवन बेसुध पड़े थे। वे उन्हें निजी वाहन से रहटगांव अस्पताल ले गए। रात करीब 12 बजे डॉक्टरों के न होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। रात लगभग 2 बजे जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। मृतक पवन की पत्नी प्रमिला की एक दो साल की बेटी है और वह स्वयं आठ महीने की गर्भवती हैं। प्रमिला ने बताया कि पवन ने एक अन्य महिला को भी रखा था, जिसकी आठ महीने की बेटी है। वह महिला पवन को छोड़कर चली गई है, जिसके बाद प्रमिला ही उस बच्ची का भी पालन-पोषण कर रही हैं। मृतक के पिता गणेश आफते ने बताया कि पवन उनका सबसे बड़ा बेटा था। पवन तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे और खेती का काम करते थे।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम में 5 विशाल आकृतियां बनाई थीं

# 80 हजार वर्गफीट की कलाकृति बनाकर विश्व रिकॉर्ड बनाया




हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेहरू स्टेडियम में 80,000 वर्गफीट की विशाल कलाकृति बनाकर विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया गया। शनिवार शाम को हुए इस आयोजन में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। यह उपलब्धि विशेष है क्योंकि यह आयोजक टीम का 15वां विश्व रिकॉर्ड है। इससे पहले टीम द्वारा 14 विश्व रिकॉर्ड सफलतापूर्वक स्थापित किए जा चुके हैं। इस आयोजन को सतीश गुर्जर की टीम और भारतीय स्त्री शक्ति ने खिलता कमल जनकल्याण सामाजिक संस्था के सौजन्य से संपन्न कराया। नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया ने बताया कि कार्यक्रम में कुल 5 विशाल आकृतियां बनाई गईं। इनमें वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई, लोकमाता अहिल्याबाई होलकर, भारत माता का चित्र, अखंड भारत का मानचित्र और महिला सशक्तीकरण का प्रतीक शामिल थे।

इन कलाकृतियों के माध्यम से महिला शक्ति, राष्ट्र गौरव और सांस्कृतिक चेतना का संदेश दिया गया। महिलाओं की सहभागिता से निर्मित यह दृश्य अनुशासन, एकता और ऊर्जा का उदाहरण बना। इस दौरान महिला सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। महिला होली रंगोत्सव ने आयोजन को उत्सवमय बनाया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल महिला दिवस मनाना नहीं, बल्कि नारी शक्ति को एक ऐतिहासिक और दृश्य स्वरूप देना था। विश्व रिकॉर्ड में शामिल यह उपलब्धि हरदा जिले के लिए गर्व का विषय है।

## निस्वार्थ सेवा व स्वावलंबन का संदेश देती दयालबाग उत्पाद प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राधास्वामी सतसंग दयालबाग की राजाबरारी शाखा द्वारा गुर्जर मंगल भवन, हरदा में आयोजित स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रातः कलेक्टर सिद्धार्थ जैन (आईएएस) ने किया। दोपहर बाद प्रदर्शनी में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने पहुंचकर अवलोकन किया और स्वदेशी उत्पादों की सराहना करते हुए खरीदारी कर आयोजकों का उत्साहवर्धन किया। प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्षराजेश सिंह वर्मा, नितेश बदार, गजेंद्र शाह सहित वरिष्ठ भाजपा नेता गौरी शंकर मुकाती विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कई शासकीय विभागों के अधिकारी, शहर के गणमान्य समाजसेवी, व्यापारी वर्ग एवं महिलाएं खरीदारी करते नजर आए। इस अवसर पर राधास्वामी सतसंग दयालबाग के सह-अध्यक्ष डॉ. धर्मपाल सतसंगी ने आयोजक समिति एवं राजाबरारी के सभी सेवकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। समिति अध्यक्ष ए. एस. रागिनी ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य देशभर की कुटीर उद्योग इकाइयों द्वारा निःस्वार्थ सेवा भाव से निर्मित स्वदेशी उत्पादों को जनसाधारण तक न्यूनतम मूल्य पर उपलब्ध कराना है। प्रदर्शनी में हैंडलूम वस्त्र, साड़ियाँ, दुपट्टे, अगरबत्ती, आयुर्वेदिक उत्पाद, होजरी एवं कैनवास बैग सहित अनेक वस्तुएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। राजाबरारी शाखा के सचिव डी. सुमिर राव ने बताया कि हरदा में लगभग 15 वर्षों बाद यह आयोजन किया गया है। जनता से मिले उत्साहजनक प्रतिसाद को देखते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन नियमित रूप से करने का प्रयास किया जाएगा। अतिथियों को राजाबरारी एस्टेट द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी प्रदर्शनी के माध्यम से दी।

### नर्मदा नदी में हो रहे अवैध रेत खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई

## 3 पनडुब्बियां और 2 नाव मशीनें जब्त की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

हरदा और देवास जिले के खनिज विभाग ने नर्मदा नदी में हो रहे अवैध रेत खनन के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई करते हुए 3 पनडुब्बियां और 2 नाव मशीनें जब्त की हैं। यह कार्रवाई हरदा की हंडिया तहसील के ग्राम मनोहरपुरा और देवास की खातेगांव तहसील के ग्राम तुरनल के बीच नर्मदा नदी में की गई है। फिलहाल खनिज विभाग की टीम द्वारा जब्त की गई मशीनों पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस संयुक्त छापामार कार्रवाई के दौरान दोनों जिलों के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। कार्रवाई के समय देवास के खनिज अधिकारी राजकुमार वराठे और हरदा जिले की प्रभारी खनिज निरीक्षक मनीषा तावड़े उपस्थित थीं, जिनके नेतृत्व में मशीनों की जब्ती की गई। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में नर्मदा नदी के किनारे बसे गांवों में बीते कई सालों से नदी के बीच से लगातार अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, इस पूरे क्षेत्र में सैकड़ों लोग नावों के जरिए रेत निकालने का काम करते हैं। नदी में इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस अवैध कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाने में खनिज विभाग के अधिकारी अब तक नाकाम रहे हैं। विभाग द्वारा पूरे साल में केवल एक-दो बार ही इस तरह की कार्रवाई की जाती है, जिसके कारण यह कार्य लगातार जारी है।

## सिद्धपुर में भाव केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण हो रहा

**सीहोर।** भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है सिद्धपुर सीहोर क्षेत्र में एक ऐतिहासिक और आस्था का भव्य केंद्र, बनने जा रहा है, सीहोर एक तीर्थ स्थल के रूप में विकसित हो रहा है जिसमें भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर निर्माण कार्य प्रगति पर है। निर्माण श्रद्धालुओं की धार्मिक भावना एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह एक सशक्त धार्मिक धरोहर बन सके। महादेव मंदिर का निर्माण तेजी से कथाव्यास पं. मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में क्षेत्रवासियों के द्वारा किया जा रहा है। शिव मंदिर के कमेटी के कोषाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी व संयोजक शंकर लाल ने बताया कि मंदिर का निर्माण विगत दो वर्षों से चल रहा है।

### किड्स टैलेंट फेस्टिवल संपन्न

## दूसरा दिन बच्चे आकर्षक वेशभूषा में शामिल हुए



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

शहर के शिवानुजा प्ले स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय किड्स टैलेंट फेस्टिवल के दूसरे दिन रंगारंग कार्यक्रमों की धूम रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी रेखा पटेल तथा ब्राह्मण समाज की सचिव अदिति गुरु उपस्थित रहीं।

दूसरे दिन विशेष रूप से आकर्षक वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न वेशभूषाओं में मंच पर प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने सामाजिक संदेश, देशभक्ति और पारंपरिक परिधानों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। इस दौरान सामाजिक समरसता और अनेकता मे एकता का परिचय दिया। कोई राजस्थानी ड्रेस में तो कोई दक्षिण भारतीय पहनावा पहनकर आया। कोई पुलिस की वर्दी में कोई क्रिकेटर के रूप में, कोई महापुरुष के रूप में तो कोई नेताजी, कोई किसान के रूप में आया। विद्यालय की संचालक विभूति गौर ने बताया कि यह तीन दिवसीय आयोजन बच्चों की छुपी प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। अतिथियों ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संस्था की वाइस प्रिंसिपल समीक्षा त्यागी, सुधा ठाडा, ऋतु राजपूत, भावना वर्मा, माधुरी शर्मा उपस्थित रहीं। प्रतियोगिता में प्री प्राइमरी वर्ग में प्रथम रिदित यदुवंशी, द्वितीय हर्षवर्धन सिंह और तृतीय प्रांशी जाट रही। इसी प्रकार प्ले ग्रुप में प्रथम राशिका ठाकुर द्वितीय अली मुर्तुजा और तृतीय ख्याति गौर रहीं। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह देखने योग्य रहा।

## भाजपा की जिला कोर कमेटी में स्थान नहीं बना पाएंगे भाजपा के तीनों महामंत्री

### दो पूर्व जिलाध्यक्ष सीताराम यादव और रवि मालवीय रहेंगे शामिल

**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय द्वारा जिला कोर ग्रुप के गठन को लेकर जारी नई गाइडलाइन ने जिले की सियासत में हलचल तेज कर दी है। प्रदेश कार्यालय मंत्री श्याम महाजन द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इस बार जिले की कोर कमेटी का स्वरूप काफी बदला हुआ नजर आएगा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वर्तमान कार्यकारिणी के महामंत्रियों के लिए इस महत्वपूर्ण कमेटी में स्थान नहीं मिलेगा। प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए मापदंडों के अनुसार जिला कोर ग्रुप में केवल विशिष्ट पदों पर आसीन व्यक्तियों को ही शामिल किया जा सकता है। इसमें प्रभारी मंत्री, सांसद (लोकसभा व राज्यसभा), राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारी, स्थानीय मंत्री, विधायक, जिलाध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, संभाग व जिला प्रभारी, निर्वतमान जिलाध्यक्ष और अन्य जिलों के प्रभारी बने स्थानीय नेताओं को ही वरीयता दी जाएगी।

**महामंत्रियों का कटेगा पत्ता, पूर्व जिलाध्यक्षों की एंट्री :** बता दें वर्तमान जिला कार्यकारिणी के तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता सीहोर, जितेंद्र गौड़ बुदनी और तारा कटारिया आष्टा के लिए कोर कमेटी के दरवाजे बंद हैं। पिछली कार्यकारिणी में राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल और रवि नागले जैसे महामंत्री कोर कमेटी के सदस्य थे, लेकिन इस बार समीकरण बदल गए हैं।





**दो पूर्व जिलाध्यक्ष रेंहगे शामिल :** इस बार की कोर कमेटी में दो पूर्व जिलाध्यक्षों का दबदबा कायम रहेगा। सीताराम यादव को विदिशा जिले का प्रभारी होने के नाते कोर कमेटी में जगह मिलना तय है, जबकि रवि मालवीय भी निवर्तमान जिलाध्यक्ष के नाते इस शक्तिशाली ग्रुप का हिस्सा बने रहेंगे।

### इन दिग्गजों के इर्द-गिर्द घूमेगी जिले की राजनीति

सीहोर जिले की चार विधानसभा सीटों सीहोर, इछावर, बुदनी और आष्टा की राजनीति अब इसी कोर ग्रुप के निर्णयों पर टिकी होगी। वर्तमान जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा की अध्यक्षता में बनने वाली इस कमेटी में जिले के चारों विधायक सुदेश राय, रमाकांत भार्गव, करण सिंह वर्मा और गोपाल सिंह इंजीनियर शामिल रहेंगे, जबकि तीन संसदीय सीटों में समाहित है, ऐसे में शिवराज सिंह चौहान, आलोक शर्मा और महेंद्र सिंह सोलंकी भी इस टीम का हिस्सा रहेंगे।

### कोर कमेटी क्यों है खास

बता दें जिला कोर कमेटी भाजपा का वह शीर्ष निकाय है जो जिले के भीतर सांगठनिक नियुक्तियों, टिकट वितरण की रायशुमारी और महत्वपूर्ण राजनीतिक रणनीति तैयार करने का काम करता है। महामंत्रियों के बाहर होने से अब यह देखना दिलचस्प होगा कि संगठन के भीतर शक्ति संतुलन किस तरह बैठता है और कार्यकर्ताओं की आवाज प्रदेश तक पहुंचाने का नया जरिया क्या होगा।

## एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा का आरक्षण बचाओ आंदोलन 22 को सांसद चंद्रशेखर आजाद शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

एससी, एसटी, ओबीसी संयुक्त मोर्चा 22 मार्च को 'आरक्षण बचाओ संविधान बचाओ' महाआंदोलन आयोजित करेगा। यह आंदोलन 22 सूत्रीय मांगों को लेकर किया जा रहा है। इस महाआंदोलन में भीम आर्मी चीफ और नगीना (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि डूंगरपुर-बांसवाड़ा (राजस्थान) के सांसद राजकुमार रोत, जयस संरक्षक डॉ. हीरालाल अलावा (मनावर विधायक, मध्य प्रदेश), ओबीसी महासभा के राष्ट्रीय कोर कमेटी सदस्य महेंद्र सिंह लोधी और बिरसा ब्रिगेड के संस्थापक सतीश पेंड्रम भी कार्यक्रम में पहुंचेंगे। महाआंदोलन की तैयारियों को लेकर रविवार को सनफ्लॉवर स्कूल के सामने संगठन के कार्यालय में एससी/एसटी/ओबीसी संयुक्त मोर्चा की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रदेश के प्रत्येक जिले में टीमें जाकर प्रचार-प्रसार करेंगी। हरदा जिले को चार सेक्टरों में बांटा गया है, जहां अन्य जिलों से आने वाले सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के लिए भोजन की व्यवस्था की जाएगी। भोजन की व्यवस्था हंडिया, टिमरनी, सिराली और खिरकिया में होगी।

### 10 सदस्यों की समिति गठित की गई

कार्यक्रम की तैयारी के लिए 10 सदस्यों की एक समिति भी गठित की गई है, जो समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करेगी। आयोजकों को उम्मीद है कि इस महाआंदोलन में लाखों की संख्या में एससी/एसटी/ओबीसी समाज के लोग एकजुट होंगे। बैठक में अधिवक्ता सुखराम बामने, एससी एसटी युवा संगठन के अध्यक्ष राहुल पवारे, भीम आर्मी संभागीय अध्यक्ष महेंद्र काशिव मेहरा, ओबीसी महासभा के जिलाध्यक्ष राजेश गौर, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष सुनील खंडेल, भारत आदिवासी पार्टी के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयकुमार ऊईके, नाजी जिलाध्यक्ष मंगलेश आजाद, भारत आदिवासी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवीसिंह परते, आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रघुवीर अहिरवार, कतिया समाज के जिलाध्यक्ष देवीदिन चावड़ा और वरिष्ठ समाजसेवी गणपत चौरसिया सहित सैकड़ों युवा साथी उपस्थित रहे।

### आर्यावर्त यूनिवर्सिटी की शिकायत, स्कूल की बिल्डिंग दिखाकर ली मान्यता

# कलेक्टर ने गठित की 13 सदस्यीय टीम, पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के प्राचार्य के नेतृत्व में जांच टीम करेगी पड़ताल




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की श्यामपुर स्थित आर्यावर्त यूनिवर्सिटी अपनी मान्यता को लेकर कानूनी और प्रशासनिक घेरे में आ गई है। आरोप है कि यूनिवर्सिटी ने अपनी बिल्डिंग के बजाय रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के बुनियादी ढांचे को दिखाकर उच्च शिक्षा विभाग से मान्यता हासिल कर ली। एबीवीपी नेता भगवान सिंह की इस गंभीर शिकायत पर कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाया है और 13 सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम गठित कर दी है।

शिकायतकर्ता का दावा है कि यूनिवर्सिटी की मान्यता के लिए किए गए पिछले निरीक्षणों में भारी फर्जीवाड़ा हुआ है। बिल्डिंग ही नहीं, बल्कि स्टाफ की नियुक्तियों और यूनिवर्सिटी के दस्तावेजों में भी बड़ी विसंगतियां पाई गई हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए इस पूरे प्रकरण में जालसाजी की एफआईआर दर्ज कराने की मांग की जा रही है।

### जांच टीम में ये लोग शामिल

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा के नेतृत्व में जांच टीम में डॉ. शीलचंद्र गुप्ता (प्रशासकीय अधिकारी प्रशासन, प्राध्यापक-अर्थशास्त्र), डॉ. सुमन रोहिला (डीन पुस्तकालय प्रकोष्ठ/विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र), डॉ. आमिर ऐजाज (परीक्षा नियंत्रक., आरटीआई प्रभारी, प्राध्यापक भूगोल), डॉ. सुशीला पटेल (छात्रवृत्ति प्रभारी, विभागाध्यक्ष हिंदी), प्रो. विनयमणि त्रिपाठी (संयोजक आईक्यूएसी/विभागाध्यक्ष वाणिज्य), प्रो. राजकुमार साहू (प्राचार्य शासकीय विधि महा. सीहोर), प्रो. कैलाश ठाकरे (प्रभारी एनटीएफ/विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र), तहसील श्यामपुर, अनिल पिपलोदिया (क्रीड़ाधिकारी), डॉ. मनोज कुमार शर्मा (विभागाध्यक्ष योग, डीन छात्र समग्र नवाचार), एलपी कीर (प्रभारी मुख्य लिपिक, लेखापाल), नरेश सेन (सहायक छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ), परवजे अंसारी (सहायक स्थापना प्रकोष्ठ) शामिल हैं।

### जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला, संचालक के अपने दावे

इस विवाद पर जब जिम्मेदारों से बात की गई तो विरोधाभास सामने आया। रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर ब्रजेश पाटीदार ने इस मामले से खुद को अलग करते हुए कहा कि वे कुछ नहीं कह सकते सारा काम पुष्पेंद्र गौतम देखते हैं। वहीं यूनिवर्सिटी के संचालक पुष्पेंद्र गौतम का दावा है कि उन्होंने सभी नियमों का पालन किया है और यूनिवर्सिटी नियमानुसार चल रही है।

**मान्यता पर लटकी तलवार :** जांच टीम को निर्देश दिए गए हैं कि वे वस्तुस्थिति के आधार पर पारदर्शी रिपोर्ट पेश करें। यदि स्कूल की बिल्डिंग को यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग दिखाने का आरोप सच पाया जाता है तो विश्वविद्यालय की मान्यता रद्द की जा सकती है और प्रबंधन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हो सकता है।

### क्या बोले जिम्मेदार

आर्यावर्त यूनिवर्सिटी श्यामपुर संचालक पुष्पेंद्र गौतम ने बताया कि यूनिवर्सिटी नियमों के तहत चल रही हैए हमने सभी गाइडलाइंस का पालन किया है।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व शर्मा ने कहा कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम गठित कर दी गई है। हम हर पहलू की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट सौंपेंगे।

रुकमणी देवी पब्लिक स्कूल डायरेक्टर ब्रजेश पाटीदार ने कहा कि यूनिवर्सिटी का काम पुष्पेंद्र जी देखते हैंए मैं इस बारे में कुछ नहीं कह सकता।

## नेशनल लोक अदालत के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार रथ रवाना

**सीहोर।** प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य ने 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन प्रचार रथों द्वारा जिंगल्स, पम्पलेट्स एवं फ्लेक्स बैनरों के माध्यम से जिले के सभी ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में नेशनल लोक अदालत एवं विद्युत विशेष छूट का प्रचार-प्रसार किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों के साथ नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक विद्युत के लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण के सम्बंध में बैठक भी आयोजित की और आवश्यक दिशा निर्देश दिये।